<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 477

20 नवंबर, 2019 को उत्तर के लिए

भारत में निवेश करने हेतु जापानी कम्पनियों को आमंत्रण

477. डा॰ एल॰ हनुमंतय्याः

श्री हरनाथ सिंह यादवः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार जापानी इस्पात कम्पनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संयुक्त उपक्रम से भारत के प्रति व्यक्ति इस्पात उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय ने भारत में जापानी इस्पात कंपनियों को खासकर उच्च ग्रेड के इस्पात बनाने वाले संयंत्र स्थापित करने हेतु और अधिक निवेश करने के लिए आमंत्रित करने के प्रयास किए हैं। भारतीय निजी इस्पात कंपनियों और जापानी इस्पात कंपनियों के बीच मौजूदा संयुक्त उद्‌यम भारत का प्रति व्यक्ति इस्पात उत्पादन बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।

****